राजस्थान पुलिस अकादमी में बनेगी इंडोर शूटिंग रेंज

चर्चा में क्यों?

10 मई, 2023 को राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य के पुलिसकर्मियों में फायरिंग क्षमता की वृद्धि के लिये जयपुर की राजस्थान पुलिस अकादमी में अत्याधुनिक इंडोर शूटिंग रेंज की स्थापना हेतु 14 करोड़ रुपए के वित्तीय प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है।

प्रमुख बिंदु

- यह इंडोर शूटिंग रेंज स्पोर्ट्स से अलग एवं आधुनिक तकनीक की कंपोजिट इंडोर शूटिंग रेंज (सीआईएसआर) होगी, जिसमें 50 मीटर की 6 लाइन होंगी।
- प्रशिक्षणार्थियों को इंडोर फायरिंग रेंज के बेहतर एवं अनुकूल वातावरण में अभ्यास करने के अवसर मिलेंगे।
- उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री द्वारा वर्ष 2023-24 के बजट में इस संबंध में घोषणा की गई थी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/indoor-shooting-range-will-be-built-in-rajasthan-police-academy